केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)
परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली-110032

सं.सी-27014/02/2018-हिन्दी दिवस/81 दिनांक : 21.08.20

<u>परिपत्र</u>

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार के.प्र.नि.बो. में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस का आयोजन किया जाता है। सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के फलस्वरूप इस वर्ष भी दिनांक **14 सितम्बर, 2020(सोमवार)** को हिन्दी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ बोर्ड के मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए कुछ प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। **कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए तथा उक्त के संबंध में राजभाषा विभाग एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए** ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा:

ध्यान रखने योग्य बातें **(1)** प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में,प्रतिभागियों को 20-20 के समूह में रखा जाएगा।

(2) सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए एक-एक कुर्सी छोड़कर बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

(3) प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व प्रशिक्षण कक्ष को विधिवत रूप से सेनिटाइज करवाया जाएगा।

(4) प्रतियोगिता के दौरान सभी को मास्क पहनना अनिवार्य होगा।

2. हिंदी प्रतियोगिता का विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	**प्रतियोगिता का नाम**	**पुरस्कार**	**पुरस्कारों की राशि**	**पुरस्कारों की संख्या**	**पात्रता**
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता **(ऑफलाइन माध्यम से)**	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	वैज्ञानिक एवं तकनीकी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
02.	निबंध प्रतियोगिता **(ऑफलाइन माध्यम से)**	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	प्रशासनिक वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
03.	हिन्दी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार **(ऑफलाइन माध्यम से)**	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी

04.	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता **(ऑनलाइन माध्यम से)**	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी

1. **प्रथम प्रतियोगिता वैज्ञानिक/तकनीकी लेखों के संबंध में**: कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए कृपया अपने लेख राजभाषा प्रभाग के बाहर रखे गए बॉक्स में निर्धारित तिथि तक डाल दें ताकि इनका मूल्यांकन करके यथासमय पुरस्कार निर्धारित किए जा सकें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। लेख पर्यावरण, प्रदूषण या वर्तमान वैज्ञानीकीय जानकारी से संबंधित विषयों पर उत्कृष्ट भाषा-शैली, अर्थपूर्ण, जन-जागरूकता बढ़ाने वाला तथा अधिकतम 20 पृष्ठों तक का होने चाहिए। इसके साथ ही, केवल हस्तलिखित लेखों को ही स्वीकार किया जाएगा।
2. **दूसरी प्रतियोगिता**: **निबंध प्रतियोगिता** के अंतर्गत दिए गए विषय पर अधिकतम 500 शब्दों में **हस्तलिखित** निबंध राजभाषा प्रभाग को प्रेषित करना होगा।
3. **तीसरी प्रतियोगिता: "हिन्दी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार"** के लिए प्रश्न-पत्र तैयार किया जाएगा, जिसमें व्यावहारिक/कार्यालयी हिंदी, नोटिंग/ड्राफ्टिंग, पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिन्दी पर्याय एवं हिन्दी वाक्यों/शब्दों का अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे।
4. **चौथी प्रतियोगिता: प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा जिसके अंतर्गत बहु-विकल्पीय प्रश्न संरूप(एम.सी.क्यु.फॉर्मेट) में प्रश्न रखे जाएंगे, जिनमें से सही विकल्प का चयन करना होगा।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं हिंदी दिवस कार्यक्रम से पहले आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता आयोजन की तिथि, समय और स्थान के संबंध में प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। विजेता कर्मचारियों को उपर्युक्त उल्लिखित पुरस्कार दिए जाएंगे।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित तिथि अर्थात **दिनांक 28.08.2020** तक अपने नाम एवं लेख हिन्दी अनुभाग में भेजने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(हेमलता रहेजा)
प्रशासनिक अधिकारी(रा.भा.)

सेवा में,

सभी अधिकारी/कर्मचारी, केन्द्रीय बोर्ड, (मुख्यालय)

प्रतिलिपि :

1. प्रभारी, वित्त लेखा अधिकारी, केन्द्रीय बोर्ड
2. सभी प्रभाग प्रभारी - कृपया अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
3. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट
4. प्रभारी, आई.टी प्रभाग - कृपया इस परिपत्र को के.प्र.नि. बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित